Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title : Need to provide water from Panchet Dam for irrigation in Nirsa Block of district Dhanbad, Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, अवगत कराना है कि पंचेत डैम दामोदर घाटी निगम द्वारा झारखंड राजय के अंतर्गत धनबाद जिला के निरसा प्रखंड में बना हुआ है। दामोदर घाटी निगम एवं बिहार राज्य सरकार के साथ हुए करार के अनुसार इस डैम से पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों में सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति होती है, किंतु निरसा प्रखंड जिसकी जमीन पर इस डैम का निर्माण हुआ है उसे सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। निरसा एक कृाि प्रधान क्षेत्र होते हुए कृाि प्रक्रिया विकास तथा सिंचाई के लिए पानी के अभाव में अति पिछड़ा हुआ है। यहां के नि वासियों की आय का अन्य कोई स्रोत नहीं होने के कारण वे गरीबी में जीवन जी रहे हैं।

अतः केन्द्र सरकार का ध्यान इस दिशा में आकृट करते हुए मांग करता हूं कि दामोदर वैली कारपोरेशन एवं तत्कालीन बिहार राज्य सरकार के साथ हुए करार का पुनर्विलोकन तथा पंचेत डैम से निरसा प्रखंड को सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्र वाई की जाये। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं होने की स्थिति में केन्द्र सरकार के स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है।